यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स कृत

# नवोदय विद्यालय समिति

# NVS MTS

## Multi Tasking Staff

## (HQ/RO CADER)

## PRELIMINARY (QUALIFYING)

# TIER-I

# सॉल्वड पेपर्स एवं प्रैक्टिस बुक

**प्रधान सम्पादक**

Anand K. Mahajan

**लेखन सहयोग**

परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण, चरन सिंह एवं भूपेन्द्रनाथ मिश्रा

**संपादकीय कार्यालय**

**12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002**

**9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**

**© All Rights Reserved with Publisher**

**प्रकाशन घोषणा**

सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने रूप प्रिंटिंग प्रेस, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन प्रा.लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव और सहयोग सादर अपेक्षित है।

**₹ 595/-**

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची

## सॉल्व्ड पेपर्स


- नवोदय विद्यालय समिति (NVS) अनिवार्य प्रश्न पत्र 2022, MULTI TASKING STAFF (MTS) व्याख्या सहित हल प्रश्न पत्र, Date-10/03/2022 (Time- 12:30- 3:00 PM)........ 3-18
- नवोदय विद्यालय समिति (NVS) अनिवार्य प्रश्न पत्र 2022, MULTI TASKING STAFF (MTS) व्याख्या सहित हल प्रश्न पत्र, Date-10/03/2022 (Time- 4:30 - 7:00 PM)........ 19-34


## प्रैक्टिस सेट


- प्रैक्टिस सेट -1........35-47
- प्रैक्टिस सेट -2........48-60
- प्रैक्टिस सेट -3........61-73
- प्रैक्टिस सेट -4........74-86
- प्रैक्टिस सेट -5........87-99
- प्रैक्टिस सेट -6........100-112
- प्रैक्टिस सेट -7........113-125
- प्रैक्टिस सेट -8........126-138
- प्रैक्टिस सेट -9........139-151
- प्रैक्टिस सेट -10........152-163
- प्रैक्टिस सेट -11........164-176
- प्रैक्टिस सेट -12........177-189
- प्रैक्टिस सेट -13........190-202
- प्रैक्टिस सेट -14........203-215
- प्रैक्टिस सेट -15........216-228
- प्रैक्टिस सेट -16........229-240
- प्रैक्टिस सेट -17........241-252
- प्रैक्टिस सेट -18........253-264
- प्रैक्टिस सेट -19........265-276
- **प्रैक्टिस सेट -20........277-288**


## Syllabus

For Multi-Tasking Staff in NVS, Tier-1 will be Preliminary (Qualifying) Examination in OMR (Objective) Mode (consisting of below mentioned components) of 02 hours duration without any time limit for each part of the test individually.

| Test | Component of the test | Test No. of Que. | Total Marks |
|---|---|---|---|
| **Part - I** | General Awareness & Current Affairs | 20 | 60 |
| **Part-II** | Basic Knowledge of Computer Operation | 40 | 120 |
| **Part-III** | Language Competency Test (English) | 20 | 60 |
| **Part-IV** | Language Competency Test (One other Modern Indian Languages*) | 20 | 60 |
| | **Total** | **100** | **300** |

- **Part I & II (i.e. question no. 1 to 60)** of question paper of Tier-1 for Multi-Tasking Staff will be bilingual in English and one of the 12 other Bhartiya Bhasha (Modern Indian Languages – Hindi, Assamese, Bengali, Gujarati, Kannada, Malayalam, Marathi, Odiya, Punjabi, Tamil, Telugu and Urdu). The option of Medium, once filled, will not be changed under any circumstances. During examination, the candidates will be provided question paper consisting of bilingual questions in English and one of the language opted by him/her in the online application form. The details of Medium opted by candidates for Part – VI will also be mentioned on their admit card. The option of Medium, once filled, will not bechanged under any circumstances.
- **Part III (i.e. question no. 61 to 80)** of question paper of Tier-1 for Multi-Tasking Staff pertaining to Language Competency Test (English) will be only in English medium.
- **Part IV (i.e. question no. 81 to 100)** of question paper of Tier-1 for Multi-Tasking Staff pertaining to Language Competency Test (*Modern Indian Language - Hindi, Assamese, Bengali, Gujarati, Kannada, Malayalam, Marathi, Odia, Punjabi, Tamil, Telugu, and Urdu) will be only in concerned Language opted by the candidates. The option of one of these 12 Language is to be compulsorily filled by the candidates in online application form. The option of language, once filled, will not be changed under any circumstances. During examination, the candidates will have to attempt the questions of Part – VI pertaining to language opted by him/her in the online application form. The details of Language opted by candidates for Part – VI will also be mentioned on their admit card.

# नवोदय विद्यालय समिति (NVS)
# अनिवार्य प्रश्न पत्र 2022
## MULTI TASKING STAFF (MTS)
### व्याख्या सहित हल प्रश्न पत्र

**Date-10/03/2022** **Time- 12:30- 3:00 PM**

## Language Competency Test

**1. Select the option that gives the most appropriate synonym of the underlined word.**
**As soon as the drizzle ceased, Suraj hurried towards his house.**
(a) Started (b) Stopped
(c) Caused (d) Began

**Ans. (b) :** उपरोक्त वाक्य के रेखांकित शब्द Ceased - (समाप्त होना, खत्म होना) का Synonym, विकल्प (b) stopped - (रूक जाना) है। अन्य विकल्पों के अर्थ हैं-
Started - शुरू होना
Began - शुरू होना
Caused - कारण होना

**2. The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error in spelling. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**
**As the path lies / through a dence forest, / you should take a guide.**
(a) As the path lies
(b) you should take a guide
(c) through a dence forest
(d) No error

**Ans. (c) :** उपर्युक्त वाक्य के विकल्प (c) Through a dence forest में त्रुटि है। क्योंकि शुद्ध वर्तनी Dense- (घना) होती है।
**Correct Sentence-**
As the path lies through a dense forest, you should take a guide.

**3. Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**The chapter on Longitudes begins _________ page 16 of your Geography book.**
(a) on (b) with
(c) for (d) in

**Ans. (a) :** उपर्युक्त वाक्य के रिक्त स्थान में विकल्प (a) on का प्रयोग Preposition के तौर पर उपयुक्त होगा। क्योंकि on का प्रयोग Specific surface को निर्दिष्ट करने के लिये होता है।
Ex- On the wall, on the floor, on the menu, on the page.
**Correct Sentence-**
The chapter on longitudes begins on page 16 of your geography book.

**4. The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error in spelling. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**
**This plantation produces tea / which eventually reaches / the Buckingham Palace kichens.**
(a) the Buckingham Palace kichens
(b) which eventually reaches
(c) This plantation produces tea
(d) No error

**Ans. (a) :** दिए गए वाक्य में विकल्प (a) त्रुटिपूर्ण है यहाँ kichens की वर्तनी अशुद्ध है। इसकी शुद्ध वर्तनी kitchens- (रसोईघर) होगी।
**Correct Sentence-** This plantation produces tea which eventually reaches the Buckingham palace kitchens.

**5. Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**This is the hotel _______ we stayed last time when we last came to Vaishno Devi.**
(a) there (b) where
(c) here (d) when

**Ans. (b) :** जब Principal clause, who/which/where/when से शुरू होती है तो उसका Structure निम्न होता है।
Noun +, (comma) + who/which/where/when.
Ex.-
I went to London, where I got a Job.
Principal Clause
यहाँ Where का अर्थ 'जहाँ पर' होता है।
**Correct Sentence-** This is the hotel, where we stayed last time when we last came to Vaishno Devi.

**6. Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**I am sure he ______ you if you ask him.**
(a) is helping (b) will help
(c) has helped (d) helps

**Ans. (b) :** उपर्युक्त वाक्य के रिक्त स्थान में विकल्प (b) will help का प्रयोग होगा। क्योंकि Conditional sentences में जब If clause, present tense में होती है तो Main clause में Simple Future Tense का प्रयोग होता है।
**Correct Sentence-**
I am sure he will help you if you ask him.

**7. Select the most appropriate to fill in the blank.**
**There is _______ orange tree in my garden.**
(a) an (b) a
(c) no word (d) the

Ans. (a) : दिए गए वाक्य के रिक्त स्थान में विकल्प (a) an का प्रयोग उपयुक्त होगा। क्योंकि Vowels (a, e, i, o, u) से शुरू होने वाले words के पहले an का प्रयोग होता है।
**Correct Sentence-**
There is an orange tree in my garden.

**8. Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**
**Hardy**
(a) Tough (b) Delicate
(c) Strong (d) Robust

**Ans. (b) :** दिए गए word hardy - (सख्त, कठोर) का Antonym, विकल्प (b) Delicate - (नाजुक, नरम) होगा।
अन्य विकल्पों के अर्थ हैं।
Tough - कठोर
Strong - मजबूत
Robust - मजबूत

**9. Select the most appropriate meaning of the given idiom.**
**Sticky fingers**
(a) A tendency to forget
(b) A habit of licking fingers
(c) A tendency to interfere
(d) An inclination to steal

**Ans. (d) :** उपर्युक्त Idiom, Sticky fingers - (चोरी करने की प्रवृति/झुकाव) का अर्थ विकल्प (d) An inclination to steal में निहित है। अन्य विकल्प असंगत अर्थ देते है।

**10. Select the most appropriate option that can substitute the underlined proverb in the given sentence. If there is no need to substitute it, select 'No substitution required'.**
**I asked my brother to drive slowly on the mountain road as it is better late than never.**
(a) No Substitution required
(b) better safe than never
(c) good to be delayed
(d) better delayed than not at all

**Ans. (a) :** उपर्युक्त वाक्य में विकल्प (a) No substitution required उपयुक्त है क्योंकि यह वाक्य के भाव Better late than never- (कभी न होने से, देर से होना अच्छा है) को सुसंगत अर्थ देता है।
**Correct Sentence-**
I asked my brother to drive slowly on the mountain road as it is better late than never.

**11. Select the most appropriate option that can be used as a one-word substitute for the underlined group of words.**
**In Ranikhet, there are a number of gardens with apple trees.**
(a) fields (b) nurseries
(c) orchards (d) parks

**Ans. (c) :** दिए गए रेखांकित शब्द Garden with apple trees के लिए one word substitute विकल्प (c) orchards - (सेव का बगीचा) होगा। अन्य विकल्पों के अर्थ हैं-
Fields - क्षेत्र
Nurseries - पौधशाला
Parks - गाड़ी खड़ी करने की जगह

**12. Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**
**Timid**
(a) Nervous (b) Shy
(c) Bold (d) Afraid

**Ans. (c) :** उपर्युक्त word, Timid - (डरपोक) का Antonym, विकल्प (c) Bold - (बहादुर) होगा। अन्य विकल्पों के अर्थ हैं-
Nervous - बेचैन
Shy - शर्मीला
Afraid - भयभीत

**13. Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**Mrs Anand works in ______ same office as her husband.**
(a) the (b) no word
(c) an (d) a

**Ans. (a) :** उपर्युक्त वाक्य के रिक्त स्थान में Definite Article (the) का प्रयोग उपयुक्त होगा। क्योंकि office का प्रयोग जब Place of work के संदर्भ में हो तो The का प्रयोग होता है।
**Correct Sentence-**
Mrs Anand works in the same office as her husband.

**14. Select the most appropriate option that can be used as a one-word substitute for the underlined group of words.**
**I was feeling feverish. I asked for the instrument for measuring my temperature.**
(a) Nanometer (b) Barometer
(c) Thermometer (d) Manometer

**Ans. (c) :** दिए गए रेखांकित शब्दों Instrument for measuring my temperature के लिए One word substitute विकल्प (c) Thermometer (शरीर का तापमान मापने का यंत्र) होगा।
अन्य विकल्पों के अर्थ है-
Barometer - दाब मापने का यंत्र

**15. Select the option that gives the most appropriate synonym of the underlined word.**
**He got a good scolding when his ball hit an expensive vase.**
(a) Costly (b) Cheap
(c) Decorated (d) Moderate

**Ans. (a) :** उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित word, expensive- (मँहगा) का Synonym, विकल्प (a) costly - (मँहगा) होगा। अन्य विकल्पों के अर्थ हैं-
Cheap - सस्ता
Decorated - सुसज्जित
Moderate - मध्यम

**Comprehension:**
**Read the given passage and answer the questions that follow.**
**Narmada River is a major and important river of central as well as western part of India. It originates from the Amarkantak plateau in Madhya Pradesh and then, while travelling, it touches the border of Maharashtra and enters Gujarat before draining into the Gulf of Khambhat near the Bharuch city of Gujarat.**

**The origin of the river is an open pool 'Narmada Kund' located in Amarkantak. The pool is considered holy. Various Hindu temples of many gods and goddesses cover Narmada Kund, including Siddheshwar Mahadev Temple, Suryanarayan Temple and Annapurna Temple. Tourists from different parts of the world visit this site. Narmada River is widely regarded as a significant river in the peninsular India, flowing from the east to the west along with other rivers like Mahi River and Tapti River. It is also known as Reva River. It flows in a rift valley and divides North India from South India. Narmada River is considered as the lifeline of Madhya Pradesh as it plays a very important role in agriculture, irrigation as well as in transportation through inland waterway. Narmada is also considered a very sacred river as many religious places, including Omkareshwar Jyotirlinga are situated, on its banks. It is the third-longest river in India which flows within its boundary after Godavari and Krishna rivers. It has some of the panoramic Ghats on its banks at the Hoshangabad district. Near Jabalpur, the river flows through the Marble Rocks. The river has carved the soft marble, creating a beautiful gorge of about 8 km in length. It is a popular Indian tourist destination. The local marble is mined and carved into various figures and transported all over India.**

**16. Narmada River is considered as the lifeline of Madhya Pradesh. What is the main reason?**
(a) It is used for irrigation and transportation.
(b) It divides North India from South India.
(c) It attracts a large number of tourists.
(d) Many religious places are situated on its banks.

**Ans. (a) :** उपर्युक्त Passage के अनुसार नर्मदा नदी को मध्य प्रदेश की जीवन रेखा कहा जाता है।
क्योंकि विकल्प (a) इसका उपयोग सिचाई और कृषि में किया जाता है। जोकि Passage की इन पक्तियों Narmada River is considered as the lifeline of Madhya Pradesh as it plays a very important role in agriculture, irrigation as well as in transportation through inland water way से स्पष्ट है।

**17. What are the origin and end places of the river Narmada?**
(a) Marble Rocks - Gulf of Khambhat
(b) Amarkantak - Marble Rocks
(c) Gulf of Khambhat - Marble Rocks
(d) Amarkantak - Gulf of Khambhat

**Ans. (d) :** उपर्युक्त Passage के अनुसार नर्मदा की उत्पत्ति अमरकंटक से तथा मुहाना खम्भत की खाड़ी है जो कि Passage की इन पंक्तियों Narmada originates from the Amarkantak Plateau and drains into the Gulf of Khambhat near Bharuch city of Gujrat से स्पष्ट है।

**18. Which of the following temples is NOT located at Narmada Kund?**
(a) Suryanarayan Temple
(b) Siddheshwar Mahadev Temple
(c) Omkareshwar Jyotirlinga
(d) Annapurna Temple

**Ans. (c) :** उपर्युक्त Passage के अनुसार ओमकारेश्वर ज्योतिर्लिंग नर्मदा कुंड पर स्थित नही है। जो कि Passage की इन पंक्तियों Various Hindu temples of many gods and goddesses cover Narmada kund, including Siddheshwar mahadev Temple, Surya Narayan Temple and Annapurna Temple से स्पष्ट है।

**19. Which of the following places is NOT likely to attract many tourists?**
(a) Narmada Kund at Amarkantak
(b) Marble Rocks near Jabalpur
(c) Gulf of Khambhat near Bharuch
(d) Ghats on the banks at Hoshangabad

**Ans. (c) :** उपर्युक्त Passage के अनुसार Gulf of khambhat near Bharuch, पर्यटकों को आकर्षित नही कर सकता है। क्योंकि यहाँ नर्मदा नदी का मुहाना है। जोकि Passage की इन पक्तियो Narmada kund is visited by tourists from different parts of the world, Narmada has some panoramic Ghats on its banks at Hosangabad district and near Jabalpur Narmada flows through marble rocks creating a beautiful gorge and it is a popular Indian tourist destination से स्पष्ट है।

**20. What is another name of the river Narmada?**
(a) Reva (b) Krishna
(c) Tapti (d) Mahi

**Ans. (a) :** उपर्युक्त Passage के अनुसार, River Narmada is also known as Reva River. अतः विकल्प (a) सही है।

**21. निम्नलिखित में से किस संख्यावाचक शब्द में द्वंद्व समास नहीं होता-**
(a) सोलह (b) निन्नानबे
(c) इकतालीस (d) बारह

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों में 'निन्नानबे' संख्यावाचक शब्द है जो कि द्वन्द्व समास नहीं है। यह द्विगु समास का शब्द है जबकि सोलह, इकतालीस तथा बारह द्वन्द्व सामासिक शब्द हैं।

**22. निम्नलिखित वाक्यांश 'के लिए एक शब्द का चयन कीजिए-**
**'भोजन करने की इच्छा'**
(a) बुभुक्षा (b) क्षुधीय
(c) भोज्यार्थी (d) क्षुधातुर

**Ans. (a) :** 'भोजन करने की इच्छा' वाक्यांश के लिए एक शब्द हैः बुभुक्षा। अतः विकल्प (a) सही है।

**23. निम्नलिखित में से उस अनेकार्थी शब्द का चयन कीजिये जो दोनों लिंगों में प्रयुक्त होता है-**
(a) मयूर (b) पिंजर
(c) पंख (d) विधि

**Ans. (d) :** दिये गये विकल्पों में 'विधि' वह अनेकार्थी शब्द है जो दोनों लिंगों में प्रयुक्त होता है। मयूर, पिंजर और पंख पुल्लिंगवाची शब्द हैं।

**24. राम पियारा छांड़ि करि, करै आन का जाप।**
**वेस्या केरा पूत ज्यौं, कहे कौन सौं बाप।।**
**दोहे में प्रयुक्त अलंकार है-**

(a) रूपक (b) भ्रांतिमान
(c) अतिश्योक्ति (d) उपमा

**Ans. (d) :** राम पियारा छाड़ि करि, करै आन का जाप।
वेश्या केरा पूत ज्यौं, कहे कौन सौं बाप।।
उपर्युक्त दोहे में 'उपमा अलंकार' है। जिन पंक्तियों में उपमेय की तुलना उपमान से की जाती है, वहाँ उपमा अलंकार की प्रयुक्ति होती है।

**25. 'पाँच जूतियाँ और हुक्के का पानी' - यह कहावत कब कही जाती है?**

(a) सदा एक सी हालत में रहने पर कहते हैं
(b) जब कोई काम शरू में ही बिगड़ जाए (तब कहते हैं)
(c) जब कोई अपनी चाल छोड़कर दूसरे की चाल का अनुकरण करे (तब कहते हैं)
(d) जब कोई ऐसी माँग करे जिसके वह योग्य न हो (तब कहते है)

**Ans. (d) :** जब कोई ऐसी माँग करे जिसके वह योग्य नहीं हो तब 'पाँच जूतियाँ और हुक्के का पानी' कहावत कही जाती है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

**26. निम्नलिखित में से उस विकल्प का चयन कीजिये जो प्रायः एकवचन में और कभी-कभी बहुवचन में प्रयोग होता है-**

(a) गुणवाचक विशेषण (b) जातिवाचक संज्ञा
(c) इकारांत स्त्रीलिंग संज्ञाएँ (d) द्रव्यवाचक संज्ञा

**Ans. (d) :** द्रव्यवाचक संज्ञा प्रायः एकवचन में कभी-कभी बहुवचन में प्रयोग होता है।
संज्ञा के पाँच प्रकार होते हैं-
1. व्यक्तिवाचक संज्ञा
2. जातिवाचक संज्ञा
3. समूहवाचक संज्ञा
4. द्रव्यवाचक संज्ञा
5. भाववाचक संज्ञा

**27. 'अप् + इंधन = अबिंधन' में कौन सी सन्धि है?**

(a) यण सन्धि (b) व्यंजन सन्धि
(c) अयादि सन्धि (d) स्वर सन्धि

**Ans. (b) :** 'अप् + इंधन' = अबिंधन' में व्यंजन संधि है।
यदि किसी पूर्व पद का अंतिम वर्ण किसी वर्ग का प्रथमाक्षर हो तथा बाद वाले पद का प्रथम वर्ण किसी वर्ग का तृतीयाक्षर, चतुर्थाक्षर, पंचमाक्षर, स्वर या अंतःस्थ व्यंजन हो, तो संधि करते समय पूर्व पद का प्रथमाक्षर अपने ही वर्ग का तृतीयाक्षर हो जाता है।
**उदाहरण-** वाक् + ईशा = वागीशा

**28. महौषध में संधि है-**

(a) वृद्धि संधि (b) अयादि संधि
(c) गुण संधि (d) यण् संधि

**Ans. (a) :** 'महौषध' = 'महा + औषध' में वृद्धि संधि है। यदि पूर्व पद के अंत में अ/आ हो तथा बाद वाले पद के आरम्भ में ए/ऐ अथवा ओ/औ हो तो दोनों के मेल से 'ऐ' तथा 'औ' हो जाता है।
**उदाहरण-** तथा + एव = तथैव

**29. गंगा का पर्याय निम्न में से है-**

(a) सुरबाला (b) सरिता
(c) जाह्वी (d) वनिता

**Ans. (c) :** दिये गये विकल्पों में 'जाह्नवी' गंगा का पर्यायवाची है। गंगा के अन्य पर्यायवाची निम्नलिखित हैं-
सुरसरिता, नदीस्वरी, त्रिपथगा, देवनदी, भागीरथी इत्यादि।

**30. तद्धव-तत्सम का कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?**

(a) चाँद - चंद्र (b) गहरा - गंभीर
(c) गधा - गर्दभ (d) कोकिल - कोयल

**Ans. (d) :** सही सुमेलन इस प्रकार है-

| तद्भव | | तत्सम |
|---|---|---|
| चाँद | - | चंद्र |
| गहरा | - | गंभीर |
| गधा | - | गर्दभ |
| कोयल | - | कोकिल |

**31. निम्नलिखित पंक्तियों में कौन सा अलंकार है?**
**'उदित उदयगिरि मंच पर, रघुबर बाल पतंग।**
**विकसे संत-सरोज सब, हरषे लोचन भृंग।।**

(a) प्रतीप (b) उपमा
(c) उत्प्रेक्षा (d) रूपक

**Ans. (d) :** 'उदित उदयगिरि मंच पर, रघुबर बाल पतंग।
विकसे संत-सरोज सब, हरषे लोचन भृंग।।
'उपर्युक्त पंक्तियों में रूपक अलंकार है।' जहाँ उपमेय में उपमान का अभेद निरूपण हो वहाँ रूपक अलंकार होता है।

**32. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प 'कूट' का एक अर्थ नहीं है?**

(a) श्रेणी (b) नोक
(c) छल (d) चोटी

**Ans. (a) :** दिये गये विकल्पों में 'श्रेणी' शब्द कूट के अर्थ में प्रयुक्त नहीं होता है। जबकि नोक, छल, चोटी आदि कूट के पर्यायवाची शब्द हैं।

**33. मुश्किल आसान करने के अर्थ में किस मुहावरे का प्रयोग होगा?**

(a) नाव खेना (b) नासूर डालना
(c) नाव किनारे लगाना (d) नाव मंझधार में पड़ना

**Ans. (c) :** 'नाव किनारे लगाना' मुहावरे का प्रयोग 'मुश्किल आसान करना' के अर्थ में होता है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**34. निम्नलिखित में से किस विकल्प के दोनों शब्द आपस में विपरीतार्थी हैं?**

(a) वाग्मी - मितभाषी (b) शीत - पीत
(c) रचना - संरचना (d) विहित - संकुचित

**Ans. (a) :** सही सुमेलन इस प्रकार है-

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| वाग्मी | - | मितभाषी |
| शीत | - | ऊष्ण |
| रचना | - | ध्वंस |
| निषिद्ध | - | विहित |

35. **निम्नलिखित में से तद्भव शब्द का चयन कीजिये-**
(a) नव (b) उपरि
(c) पंथ (d) जौ

**Ans. (d) :** सही सुमेलन इस प्रकार है-

| तद्भव | | तत्सम |
|---|---|---|
| नौ | - | नव |
| उपर | - | उपरि |
| जौ | - | यव |

**गद्यांश :**

**दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**गर्म प्रदेशों की सांय-सांय करती लू, सूर्य के प्रचंड प्रकोप से भट्टी के समान आग उगलती धरती की गर्मी! इन सबसे से जब मन तंग आ जाता है तो इच्छा होती है पहाड़ों के आँचल में छुपकर ग्रीष्म के संताप के जरा कम कर लें**

**जून का महीना था परन्तु कुछ गर्म कपडे, दवाइयाँ व अन्य आवश्यक सामग्री साथ रखकर हम निकल पड़े पर्वतों के सिरमौर-कश्मीर की यात्रा पर**

**जब गाड़ी ऊपर चढ़ने लगी और ठण्ड बढ़ने लगी तो खिड़की बन्द करके हम सो गये। नींद खुली तो दूर क्षितिज में सूर्य की किरणें अपने आगमन के संकेत से शीतग्रस्त जीवों को सान्त्वना सी देती लगीं विशालकाय पर्वतों के वक्षस्थल को चीर कर उनके बीच में से मीलों लम्बी सुरंग में प्रविष्ट होने पर गाड़ी सीटी बजाती थी। और गाड़ी में प्रकाश हो जाता था। साँप की तरह बल खाती हुई सड़क और मीलों गहरे गड्ढे! छोटे-छोटे गाँव, उनमें, घोड़े, भेड़, बकरियाँ तथा मनुष्य ऊपर से ऐसे जान पड़ते थे मानो किसी ने खिलौने सजाकर रख दिये हों। मौन तपस्वियों के ऊँचे खड़े देवदार के वृक्ष, लिपटी हुई लताएँ, फुदकते, मधुर तान सुनाते अनेक प्रकार के रंग-बिरंगे पक्षी, मेघों की धमाचौकीड़ी, पहाड़ी नदी की धारा, चंचल झरने देखकर मन मुग्ध हो गया झील के स्थिर पानी पर सूरज की स्वर्ण लहरी थिरक उठती थी, पहाड़ों पर बादलों की परत की इन्द्रधनुषी तरंग पर जल-तरंग की स्वरलहरी बज उठती! रात तक हम श्रीनगर पहुँचे और और होटल में जाकर सो गए डल-झील में शिकारे पर घूमने का भी अलग ही अनुभव था गुलमर्ग के मनोरम रास्ते, पहाड़ों पर चढ़ना, घोड़े की सवारी, दूर बर्फ से ढंकी पहाड़ियाँ और झाड़ियों में इठलाती रंग-बिरंगी तितलियाँ-वाह! क्या सुन्दर दृश्य था!**

**कश्मीर की इस आनन्दमयी यात्रा का स्मरण होते ही सारे दृश्य इस प्रकार सामने आ जाते हैं जैसे वहीं हूँ ऐसे आनन्द के अवसर जब भी मिलते हैं, वे जीवन की मधुर स्मृति बन जाते हैं**

**जीवन स्वयं एक यात्रा है। यात्रा करने से मनोरंजन के साथ साथ साहस, स्वावलम्बन, कष्ट सहिष्णुता की क्रियात्मक शिक्षा मिलती है। परस्पर सहयोग की भावना बढ़ती है दैनिक कार्यचक्र से मुक्ति मिलने से निराश जीवन में आशा का संचार होता है, मन में स्फूर्ति, ताजगी और आनन्द की लहर दौड़ जाती है। परस्पर प्रेमभाव बढ़ता है। एक-दूसरे के सुख-दुःख को समझने का अवसर मिलता है। विभिन्न जातियों व स्थानों के रीति-रिवाजों, भाषाओं आदि से परिचित होते हैं। इस प्रकार यात्रा का मनुष्य जीवन में विशेष महत्व है।**

36. **गद्यांश के अनुसार कश्मीर को क्या उपाधि प्राप्त है?**
(a) पर्वतीय सैरगाह (b) पर्वतों की रानी
(c) पर्वतों का सिरमौर (d) बर्फ का प्रदेश

**Ans. (c) :** गद्यांश के अनुसार कश्मीर को पर्वतों का सिरमौर की उपधि प्राप्त है।

37. **पहाड़ के पर्यायवाची शब्द-समूह वाले विकल्प का चयन कीजिये-**
(a) अग, अद्रि, कोहसार (b) अपह, कोह, शैल
(c) अचल, चीखल, अमा (d) कूट, रुचा, हूर

**Ans. (a) :** दिये गये विकल्पों के अनुसर अग, आद्रि, कोहसार ये सभी 'पहाड़' के पर्यायवाची शब्द हैं। पहाड़ के अन्य पर्यायवाची इस प्रकार हैं- अचल, गिरी, शैल, भूधर इत्यादि।

38. **यह गद्यांश साहित्य की किस विधा का उदाहरण है?**
(a) डायरी लेखन (b) रिपोतार्ज
(c) यात्रा-वृत्तांत (d) साक्षात्कार

**Ans. (c) :** उपर्युक्त गद्यांश साहित्य के 'यात्रा-वृत्तांत' का उदाहरण है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

39. **लेखक ने किस स्थान की यात्रा की?**
(a) पहाड़ों की (b) कश्मीर की
(c) एक ठंडे प्रदेश की (d) शिमला की

**Ans. (b) :** उपर्युक्त गद्यांश में लेखक ने कश्मीर की यात्रा की है।

40. **गद्यांश में यात्रा के क्या लाभ बताये गए हैं? सर्वथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिये-**
(a) नई नई बातों की जानकारी मिलती है जो जीवन में काम आती है।
(b) यात्रा करने से मनोरंजन के साथ साथ भाषाओं का ज्ञान मिलता है।
(c) परस्पर प्रेमभाव, सहयोग, साहस, स्वावलम्बन, कष्ट सहिष्णुता की क्रियात्मक शिक्षा, मन में स्फूर्ति, ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव, विभिन्न जातियों व स्थानों के रीति-रिवाजों, भाषाओं आदि का ज्ञान मिलता है।
(d) यात्रा करने से मनोरंजन के साथ साथ मन को शांति मिलती है

**Ans. (c) :** उपर्युक्त गद्यांश में लेखक ने यात्रा के निम्न लाभ बताये हैं- परस्पर प्रेमभाव, सहयोग, साहस, स्वावलम्बन, कष्ट, सहिष्णुता की क्रियात्मक शिक्षा, मन में स्फूर्ति, ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव विभिन्न जातियों व स्थान के रीति-रिवाजों भाषाओं आदि का ज्ञान मिलता है।

## General Awareness & Current Affairs

**41. pH scale is normally used to indicate the ______ of a solution.**
**pH स्केल का उपयोग सामान्यतः किसी विलयन की ______ को व्यक्त करने के लिए किया जाता है।**
(a) Sweetness/मिठास
(b) Density/घनत्व
(c) Acidic or basic nature/अम्लीय या क्षारीय प्रकृति
(d) Temperature/तापमान

**Ans. (c) :** pH स्केल का उपयोग सामान्यतः किसी विलयन की अम्लीय या क्षारीय प्रकृति को व्यक्त करने के लिए किया जाता है। pH स्केल मान 0-14 के बीच निर्धारित होता है जिसमें 0-6 स्केल का मान अम्लता को व्यक्त करता है। 7वाँ स्केल मान उदासीन होता है तथा pH 8-14 विलयन की क्षारीयता को व्यक्त करता है।

**42. From the year 2022, which Indian business conglomerate is to replace Vivo as the IPL title sponsor?**
**वर्ष 2022 से, कौन-सा भारतीय व्यापारिक समूह विवो के स्थान पर आईपीएल (IPL) का टाइटल स्पॉन्सर होगा?**
(a) Jio/जियो (b) Godrej/गोदरेज
(c) Tata/टाटा (d) Adani/अडानी

**Ans. (c) :** वर्ष 2022 से, टाटा भारतीय व्यापारिक समूह विवो के स्थान पर आईपीएल (IPL) का टाइटल स्पॉन्सर होगा।

**43. The 'Pradhan Mantri Vaya Vandana Yojana' (PMVVY), launched in May 2020 to protect elderly people aged 60 years and above against a future fall in their interest income due to uncertain market conditions, as also to provide social security during old age.**
**The scheme is implemented through which of the following organisation?**
**'प्रधानमंत्री वय वंदन योजना' (PMVVY), 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गों को अनिश्चित बाजार स्थितियों के कारण भविष्य में उनकी ब्याज आय में गिरावट से बचाने के लिए और साथ ही वृद्धावस्था के दौरान सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए मई 2020 में शुरू की गई थी। यह योजना निम्नलिखित में से किस संगठन के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है।**
(a) National Insurance Company Limited
नेशनल इंश्योरेश कंपनी लिमिटेड
(b) State Bank of India (SBI)
भारतीय स्टेट बैंक
(c) Reserve Bank of India (RBI)
भारतीय रिज़र्व बैंक
(d) Life Insurance Corporation of India (LIC)
भारतीय जीवन बीमा निगम।

**Ans. (d) :** प्रधानमंत्री वय वंदन योजना (PMVVY) को भारतीय जीवन बीमा संगठन के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है।
**प्रमुख बिन्दु-**
(i) वरिष्ठ नागरिकों को हर महीने पेंशन की गारंटीकृत भुगतान प्रदान करने के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री वय वंदन योजना मई, 2017 में शुरू की गई थी।
(ii) इस योजना को जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी) के माध्यम से ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन भी खरीदा जा सकता है, जिसे इस योजना को संचालित करने का एकमात्र विशेषाधिकार दिया गया है।
**पात्रता-**
(i) न्यूनतम प्रवेश आयुः 60 वर्ष (पूर्ण)
(ii) अधिकतम प्रवेश आयुः कोई सीमा नहीं।

**44. The Ganga River basin, which is India's largest river basin, includes approximately how much percent of the nation's area?**
**गंगा नदी बेसिन, जो भारत का सबसे बड़ा नदी बेसिन है, इसमें देश का लगभग कितना प्रतिशत क्षेत्र शामिल है?**
(a) 30% (b) 20%
(c) 15% (d) 25%

**Ans. (d) :** गंगा नदी बेसिन, जो भारत का सबसे बड़ा नदी बेसिन है, इसमें देश का लगभग 25% क्षेत्र शामिल है और भारत की लगभग 43% आबादी का समर्थन करता है। ध्यातव्य है कि गंगा और इसकी सहायक नदियाँ भारत के 11 राज्यों से होकर बहती हैं, किंतु गंगा नदी (जिसमें सहायक नदियाँ शामिल नही हैं) मुख्यतः पाँच राज्यों- उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से होकर बहती है।

**45. Under the GST law, CGST, SGST and IGST are collected from the buyer depending upon whether the transaction is intrastate or interstate. What is the full form of CGST?**
**GST कानून के अंतर्गत, CGST, SGST और IGST खरीदार से एकत्र किए जाते हैं, जो इस बात पर निर्भर करता है कि लेनदेन राज्यान्तरिक है या अंतरराज्यीय है। CGST का पूर्ण रूप क्या है?**
(a) Combined Goods and Services Tax
(कंबाइंड गुड्स एंड सर्विसेज़ टैक्स)
(b) Consumer Goods and Services Tax
(कंज्यूमर गुड्स एंड सर्विसेज़ टैक्स)
(c) Common Goods and Services Tax
(कॉमन गुड्स एंड सर्विसेज़ टैक्स)
(d) Central Goods and Services Tax
(सेंट्रल गुड्स एंड सर्विसेज़ टैक्स)

**Ans. (d) : CGST** का पूर्ण रूप - Central Goods and Service tax है। वस्तु एवं सेवा कर (GST) घरेलू उपभोग के लिए बेची जाने वाली अधिकांश वस्तुओं व सेवाओं पर लगाया जाने वाला एक मूल्यवर्धित कर है। 101 वां संविधान संशोधन अधिनियम 2016 द्वारा वस्तु एवं सेवा कर को भारत में लागू किया गया।

**46. सामान्य मूलभूत विशेषताओं के आधार पर एनीमेलिया जगत के व्यापक वर्गीकरण के अंतर्गत, एस्टेरियस (स्टारफिश) निम्न में से किस संघ (phyla) से संबंधित है?**
(a) आर्थ्रोपोडा (Arthropoda)
(b) एकाइनोडर्मेटा (Echinodermata)
(c) मोलस्का (Mollusca)
(d) ऐनेलिडा (Annelida)

**Ans. (b) :** एस्टेरियस (स्टारफिश) उपर्युक्त विकल्पों में से एकाइनोडर्मेटा संघ से संबंधित है। जो केवल समुद्री जल में ही पाई जाती है। इसके शरीर का आकार तारा जैसा होता है।

**47. 'Rajatarangini', a work in Sanskrit composed by Kalhana' gives a vivid account of the kings of:**
**कल्हण द्वारा संस्कृत में रचित कृति 'राजतंरगिणी'_____ के राजाओं की जीवंत व्याख्या करती है।**

(a) Kashmir/कश्मीर (b) Magadh/मगध
(c) Bengal/बंगाल (d) Rajasthan/राजस्थान

**Ans. (a) :** कल्हण द्वारा संस्कृत में रचित कृति 'राजतरंगिणी' कश्मीर के राजाओं की जीवंत व्याख्या करती है। इसकी रचना महाभारत शैली के आधार पर की गई है।

**48. मक्का और धान की कटाई के दौरान किया जाने वाला 'हुरका बाउल ( Hurka Baul )' नृत्य निम्न में से किस राज्य से संबंधित है?**

(a) ओडिशा (b) उत्तराखंड
(c) असम (d) पश्चिम बंगाल

**Ans. (b) :** मक्का और धान की कटाई के दौरान किया जाने वाला 'हुरका बाउल (Hurka Baul), नृत्य उत्तराखण्ड राज्य से संबंधित है।

**49. निम्न में से कौन सी जनजाति भारत की सबसे अधिक जनसंख्या वाली और सबसे पुरानी जनजाति है?**

(a) बैगा (b) मुंडा
(c) संथाल (d) भील

**Ans. (d) :** भील जनजाति भारत की सबसे अधिक जनसंख्या वाली व सबसे प्राचीन जनजाति है। जनगणना, 2011 के अनुसार देश में भील जनजाति की जनसंख्या 1,70,71,049 है। देश की दूसरी व तीसरी सबसे बड़ी जनजाति क्रमशः गोंड (1,32,56,928) व संथाल (65,70,807) है।

**50. Which of the following was the first newspaper in India under the British Raj?**
**ब्रिटिश राज के अंतर्गत भारत का पहला समाचार पत्र निम्न में से कौन-सा था?**

(a) The Bengal Gazette/संवाद कौमुदी
(b) Madras Courier/मद्रास कूरियर
(c) The Bengal Gazette/बंगाल गजट
(d) Bombay Herald/बॉम्बे हेराल्ड

**Ans. (c) :** ब्रिटिश राज के अंतर्गत भारत का पहला समाचार पत्र (अंग्रेजी में) 'बंगाल गजट' था। जिसे जेम्स ऑगस्टस हिक्की ने 1780 में प्रारम्भ किया। हिन्दी में प्राकाशित प्रथम समाचार पत्र उदण्ड मार्तण्ड था, जिसे कलकत्ता से 1826 में जुगलकिशोर शुक्ल ने प्रारम्भ किया था।

**51. As per Census 2011 figures of India, among the following, which union territory has the least population density?/भारत की 2011 की जनगणना के आंकडों के अनुसार, निम्न में से किस केंद्र शासित प्रदेश का जनसंख्या घनत्व सबसे कम है?**

(a) Lakshadweep/लक्षद्वीप
(b) Puducherry/पुदुचेरी
(c) NCT of Delhi/दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
(d) Chandigarh/चंडीगढ़

**Ans. (a) :** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, प्रश्नगत विकल्पों में से न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला केन्द्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप (2149) है।
• न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला केन्द्रशासित प्रदेश अण्डमान-निकोबार द्वीपसमूह (46) है जबकि अधिकतम दिल्ली (11,320) है।
• न्यूतम जनघनत्व वाला राज्य अरुणाचल प्रदेश (17) है जबकि अधिकतम जनघनत्व बिहार (1106) का है।
• देश का जनसंख्या घनत्व 382 प्रति वर्ग किमी है।

**52. The provisions of Directive Principles of State Policy in the Constitution of India have been adopted from which constitution?**
**भारत के संविधान में राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के प्रावधानों को किस संविधान से अपनाया गया है?**

(a) French/फ्रांस (b) Canadian/कनाडा
(c) British/ब्रिटेन (d) Irish/आयरलैण्ड

**Ans. (d) :** भारत के संविधान में राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांतों के प्रावधान को आयरलैण्ड के संविधान से अपनाया गया है। ब्रिटेन के संविधान से संसदात्मक शासन प्रणाली, विधि का शासन, संसदीय विशेषाधिकार, मंत्रिमंडल प्रणाली आदि को लिया गया तथा कनाडियन संविधान से संघात्मक विशेषताएं, अवशिष्ट शाक्तियाँ केन्द्र के पास आदि को तथा फ्रांस के संविधान से गणतत्रांत्मक और प्रस्तावना में स्वतंत्रता, समता व बंधुता के आदर्श को अपनाया गया।

**53. What is the name of India's first home-grown testing kit that can differentiate the Omicron strain of the novel Corona virus from the Delta, Alpha and the other variants in under four hours?**
**भारत की पहली घरेलू परीक्षण किट का नाम क्या है जो चार घंटे से कम समय में नोवेल कोरोना वायरस के ओमीक्रॉन स्ट्रेन को डेल्टा, अल्फा और अन्य वेरिएंट से अलग कर सकती है?**

(a) CovacCheck/कोवैक चेक
(b) Omisure/ओमीस्योर
(c) OmiCovid/ओमीकोविड
(d) Omicheck/ओमीचेक

**Ans. (b) :** भारत की पहली घरेलू परीक्षण किट का नाम ओमीस्योर है। यह एक ओमीक्रॉन डिडेक्टिंग आरटीपीसीआर (RT-PCR) किट है जिसे मुंबई स्थित टाटा- मेडिकल एंड डायग्नोस्टिक्स लिमिटेड (टाटा एमडी) ने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) के साथ साझेदारी में विकसित किया। यह चार घंटे के अंदर नोवल कोरोना वायरस के ओमीक्रॉन स्ट्रेन को डेल्टा, अल्फा और अन्य वेरिएंट से अलग कर सकती है।

**54. Which of the following awards is the highest literary award bestowed upon Indian authors who have contributed to Indian literature in any of the official Indian languages and made it richer?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा पुरस्कार उन भारतीय लेखकों को दिया जाने वाला सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार है जिन्होंने किसी भी आधिकारिक भारतीय भाषा में भारतीय साहित्य में योगदान दिया है और इसे समृद्ध बनाया है?**

(a) Rabindra Puraskar/रविन्द्र पुरस्कार
(b) Jnanpith Award/ज्ञानपीठ पुरस्कार
(c) Sahitya Akademi Award/साहित्य अकादमी पुरस्कार
(d) Kalidas Samman/कालिदास सम्मान।

**Ans. (b) :** ज्ञानपीठ पुरस्कार भारत का सबसे पुराना और सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार है। यह प्रतिवर्ष चयनित लेखक को "साहित्य के प्रति उत्कृष्ट योगदान" के लिए दिया जाता है। यह पुरस्कार 1961 में शुरु किया गया था और पहली बार 1965 में प्रदान किया गया था।
- यह पुरस्कार अंग्रेजी व अन्य भारतीय भाषाओं के लिए दिया जाता है हालाँकि, पात्रता भारतीय नागरिकों तक ही सीमित है। यह मरणोपरांत नहीं दिया जाता है। ज्ञानपीठ चयन समिति ने घोषणा की कि 2023 के लिए 58 वां ज्ञानपीठ पुरस्कार दो लेखकों, संस्कृत विद्वान जगतगुरु रामभद्राचार्य और उर्दू कवि और गीतकार गुलज़ार को दिया जायेगा।

**Comprehension:**

**Read the given passage and answer the questions that follow.**

